Helpline **1064**

**94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **सरदार शहर जिला चूरु में सहायक प्रशासनिक अधिकारी, तहसील कार्यालय सरदार शहर को 90,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुये पकड़ा गया।**

जयपुर दिनांक 27 अक्टूबर, सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **निर्मल सोनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, तहसील कार्यालय सरदार शहर, जिला चूरु** को 90,000/–रूपये रिश्वत राशि लेते हुये पकड़ा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने तहसील कार्यालय सरदार शहर में कृषि भूमि के कन्वर्जन हेतु आवेदन कर रखा है। तहसील के बाबू निर्मल सोनी भूमि कन्वर्जन करने की एवज में एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर पेरशान कर रहा है। प्राप्त शिकायत पर दिनांक 25.10.2025 गोपनीय रिश्वत मांग सत्यापन के दौरान आरोपी निर्मल सोनी बाबू ने परिवादी से 90,000/– रुपये कृषि भूमि कन्वर्जन करने की एवज में स्वयं व तहसीलदार के नाम से रिश्वत की मांग करना पाया पाया गया। रिश्वत मांग के अनुसरण में ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर परिवादी से आरोपी निर्मल सोनी, सहायक प्रशानिक अधिकरी, तहसील कार्यालय सरदार शहर जिला चूरु ने 90,000/– रुपये रिश्वत के प्राप्त कर अपनी पहनी हुई पेंट की जेब में रख लिये जहां से रिश्वत राशि 90,000/– रुपये बरामद हो चुके है। मौके पर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

जिस पर ए.सी.बी. जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झुंझुनूं के **उप अधीक्षक पुलिस श्री शब्बीर खान** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही जारी है।

ए.सी.बी. की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।